हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, शनिवार 25 जुलाई 2026

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री



प्रवेश प्रारंभ
B.P.Ed., B.P.E.S.,
BCA, Bsc. (CS/IT),
B.Com., PGDCA, DCA
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर
मो.न. - 8103982557

# 9 दिन मौसी के घर रुककर निज मंदिर लौटे जगन्नाथ

## बहुड़ा यात्रा में उमड़ा हजारों श्रद्धालुओं का जनसैलाब





हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर।

गरियाबंद जिले के देवभोग एवं अमलीपदर में शुक्रवार को बाहुड़ा यात्रा महापर्व को गहरी आस्था, वैदिक परंपरा और धार्मिक उल्लास के साथ संपन्न हुआ। मौसी के घर नौ दिन प्रवास के बाद भगवान श्री जगन्नाथ भव्य रूप से सुसज्जित रथ पर विराजमान होकर अपने निज मंदिर लौटे। जैसे ही रथ नगर के प्रमुख मार्गों से आगे बढ़ा पूरा देवभोग एवं अमलीपदर क्षेत्र जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंज उठा। हजारों श्रद्धालुओं ने प्रभु के रथ की रस्सियां खींचकर स्वयं को इस दिव्य यात्रा का सहभागी बनाया। नगर सहित दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर परिवार, ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### नवापारा में साहू समाज का सम्मान समारोह आज



**नवापारा-राजिम।** नगर साहू समाज परिक्षेत्र नवापारा द्वारा विभिन्न सामाजिक, जनप्रतिनिधि एवं संगठनात्मक दायित्वों का निर्वहन कर रहे नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में आज 25 जुलाई शनिवार को सायं 4 बजे कर्मा मंदिर परिसर में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में विधायक इंद्रकुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समारोह में नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी तथा नवनिर्वाचित एल्डरमैन मुकुंद मेश्राम, नवलकिशोर साहू, कन्हैया साहू, गुलाब राव एवं अन्नपूर्णा देवांगन का ▶▶|शेष पेज 12 पर

### अविराज का प्रयास विद्यालय में चयन



**मैनपुर।** मैनपुर विकासखण्ड के डीएवी पब्लिक स्कूल, देहारगुड़ा (मैनपुर) के छात्र अविराज पटेल, पिता स्वगऍय खेमराज पटेल, ग्राम हरदीभाठा तहसील मैनपुर का चयन प्रयास आवासीय विद्यालय, रायपुर में हुआ है। छात्र अविराज पटेल की इस उल्लेखनीय उपलब्धि से उनके परिवार, विद्यालय तथा ग्रामवासियों में हर्ष का माहौल है। ग्रामीणों ने भी इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया है।

### पेड़ से टकराई बाइक राजस्थान के युवक की मौत



**रसेला।** शुक्रवार को करीब 5 बजे महुआभाटा और पीपरछेडी के बीच जंगल में एक भीषण सड़क हादसे में रामनिवास पिता खाजूराम 50 वर्ष ग्राम पादूकलां, थाना पादूकलां, जिला नागौर, राजस्थान के निवासी हैं। ज्ञात हो कि रामनिवास और उसके भांजे दोनों एक ही बाइक से बीजापानी से गरियाबंद जा रहें थे। इसी बीच पीपरछेडी और महुआभाटा के जंगल में बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराईं और मौक पर ही रामनिवास की मौत हो गई। जबकि उसके भांजे सकुशल सुरक्षित है। हादसा होते ही आसपास भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। मौके पर तत्काल पुलिस पहुंचकर ▶▶|शेष पेज 12 पर

### पुरानी रंजिश को लेकर चाकू से हमला

**महासमुंद।** पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति पर चाकू से हमला करने वाले आरोपी के विरूद्ध कोतवाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 23 जुलाई को पुराने रंजिश को लेकर हुए विवाद के दौरान श्रीराम पारधी के सीने और जांघ में ग्राम बेलसोंडा निवासी चिराग चंद्राकर ने चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 109(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## मौसम : डॉक्टरों ने दी सतर्क रहने की सलाह

# नवापारा में उल्टी-दस्त और संक्रामक बीमारियों का बढ़ा प्रकोप, अस्पताल में लगी लंबी कतारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

रायपुर जिले का प्रमुख नगर नवापारा इन दिनों वर्षा जनित संक्रामक बीमारियों की चपेट में है। शहर में बड़ी संख्या में लोग पतला दस्त, उल्टी, पेट दर्द, मरोड़ और बुखार जैसी समस्याओं से पीड़ित हैं। हालात ऐसे बन गए हैं कि लगभग हर मोहल्ले और गली में लोग इस बीमारी से प्रभावित बताए जा रहे हैं। सरकारी अस्पताल के बनिस्बद निजी क्लीनिकों में मरीजों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। सरकारी अस्पताल के डॉ. तेजेंद्र साहू ने बताया कि उल्टी, दस्त की शिकायत आ रही है मगर संख्या कम ही है। कुछेक निजी अस्पतालों में भर्ती मरीजों से हमने बात किया तो पीड़ितों ने बताया कि बीमारी की शुरूआत अचानक पेट में घुरघुराहट और मरोड़ से होती है। इसके बाद लगातार पतला दस्त और उल्टी शुरू हो जाती है, जिससे शरीर में तेजी से पानी की कमी होने लगती है। कई मरीजों को कमजोरी, चक्कर और तेज बुखार की शिकायत भी हो रही है। कुछ स्थानों पर पीलिया जैसे लक्षण सामने आने की भी चर्चा है, जिससे लोगों की चिंता बढ़ गई है। संजीवनी हॉस्पिटल के डॉ. श्वेता पांडे ने बताया कि उल्टी, दस्त के मरीज तो आ रहे है। ऐसे मरीजों का त्वरित उपचार किया जा रहा है, बॉटल चढ़ाई जा रही है और दवाई दी जा रही है। बताया कि ईलाज मिलते ही उल्टी, दस्त पर तत्काल रोकथाम हो जाती है परंतु पेट की घुरघुराहट 3 से 4 दिनों तक बनी रहती है। बता दें कि शहर के अस्पतालों और क्लीनिकों में इन दिनों सुबह से देर रात तक मरीजों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। चिकित्सकों के अनुसार बारिश के मौसम में दूषित पानी और संक्रमित भोजन के कारण इस तरह की बीमारियां तेजी से फैलती हैं। समय पर इलाज नहीं मिलने पर मरीजों में डिहाइड्रेशन की स्थिति गंभीर हो सकती है, इसलिए लक्षण दिखाई देते ही तत्काल चिकित्सक से संपर्क करना जरूरी है।

### खाद्य पदार्थों से बचें तथा उबालकर या शुद्ध पानी पिएं




नवापारा के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बलजीत सिंह, डॉ. दिलीप शाह, डॉ गोपाल केला, डॉ ए के शर्मा,डॉ पुनित गोस्वामी,डॉ श्वेता पांडे ने लोगों को सलाह दी है कि वे केवल ताजा और गर्म भोजन करें, बाहर खुले में बिकने वाले खाद्य पदार्थों से बचें तथा उबालकर या शुद्ध पानी ही पिएं। बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने, हाथों की साफ-सफाई बनाए रखने तथा दस्त होने पर तुरंत ओआरएस घोल का सेवन करने की भी सलाह दी जा रही है। वहीं स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि अधिकांश मामलों में समय पर उपचार मिलने से मरीज जल्दी स्वस्थ हो जाते हैं, लेकिन लापरवाही जानलेवा भी साबित हो सकती है। इसलिए लगातार उल्टी-दस्त, तेज बुखार, अत्यधिक कमजोरी या पेशाब कम आने जैसी स्थिति होने पर तुरंत अस्पताल पहुंचना चाहिए। नगरवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बीमारी की गंभीरता को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की विशेष टीम गठित कर प्रभावित वार्डों का सर्वे कराया जाए, आवश्यक दवाइयों और ओआरएस की पर्याप्त व्यवस्था की जाए तथा लोगों को जागरूक करने के लिए व्यापक अभियान चलाया जाए, ताकि इस संक्रामक बीमारी पर शीघ्र नियंत्रण पाया जा सके।

## ग्राम खुटेरी में ढहा पुराना भवन बाल-बाल बची युवक की जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

बरसात के मौसम में जर्जर और परित्यक्त मकान लोगों की जान के लिए बड़ा खतरा बन जाते हैं। समय रहते ऐसे भवनों को हटाने या सुरक्षित करने की अनदेखी गंभीर दुर्घटनाओं को जन्म दे सकती है। ग्राम खुटेरी में हाल ही में हुई तेज बारिश के दौरान बस्ती के बीच स्थित एक पुराना जर्जर मकान भरभराकर गिर गया। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टल गया। प्रत्यक्षदर्शी लीलाराम सेन ने बताया कि घटना के समय तेज बारिश हो रही थी। मकान के समीप संचालित एक किराना दुकान में मौजूद युवक की जान बाल-बाल बच गई। यदि उस समय आसपास अधिक लोग मौजूद होते तो बड़ी दुर्घटना से इंकार नहीं किया जा सकता था। क्योंकि यह आम चौक व रास्ता है। बताया जा रहा है कि गिरे हुए मकान में लकड़ी के बड़े बीम, काड़, कील, खपरैल, मिट्टी की भारी भरकर दिवाल सहित अन्य निर्माण सामग्री मौजूद थी, जो लंबे समय से जर्जर अवस्था में थी। ग्रामीणों का आरोप है कि मकान मालिक मनहरण सेन, जो वर्तमान में गांव के दूसरे स्थान पर नया मकान बनाकर रह रहे हैं, ने बरसात से पहले इस जर्जर भवन का निरीक्षण या सुरक्षित ढंग से हटाने की कोई पहल नहीं की। उनकी लापरवाही के कारण मकान बारिश में ढह गया। घटना के एक सप्ताह बाद भी मलबा चौक और गली में बिखरा पड़ा है, जिससे मोहल्लेवासियों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मकान मालिक दूर रहने के कारण ग्रामीणों की समस्या से अनभिज्ञ बने हुए हैं, वहीं जिम्मेदार व्यक्ति भी अब ▶▶|शेष पेज 12 पर



## किसानों को मिला नमो योजना का लाभ मूंगफली व अरहर मिनीकिट बीज का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

किसानों को दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती के लिए प्रोत्साहित करने तथा कृषि में विविधीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा नमो योजना अंतर्गत तिलहन क्षेत्र विस्तार कार्यक्रम के तहत ग्राम टोनहीडबरी, रक्सी एवं नारतोरा के किसानों को मूंगफली तथा अरहर मिनीकिट बीज का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत छुरा की अध्यक्ष मीरा वेशनारायण ठाकुर, कृषि सभापति उत्तरा अशोक पटेल, जनपद सदस्य नारायण सिन्हा एवं मुंगेश्वरी ठाकुर तथा ग्राम पंचायत टोनहीडबरी की सरपंच सरिता ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहीं। जनप्रतिनिधियों ने किसानों से अधिक से अधिक दलहन एवं तिलहन फसलों की खेती अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे किसानों की आय बढ़ने के साथ-साथ मिट्टी की उर्वरता में भी सुधार होता है। इस ▶▶|शेष पेज 12 पर

## श्वेताम्बर जैन श्री संघ ने चातुर्मासिक व्यवस्था समिति का किया गठन

**नवापारा-राजिम।** नगर में 2026 वर्षावास के कुशल सम्पादन के लिए श्वेताम्बर जैन श्री संघ ट्रस्टी के शिखर बाफना, राजकुमार बोथरा, अजय कोचर, आशीष टाटिया एवं अभिषेक दुग्गड़ के मार्गदर्शन में चातुर्मासिक वर्षावास व्यवस्था समिति का गठन किया गया जिसमें संजय बंगानी अध्यक्ष, राजेश बोथरा उपाध्यक्ष, मुकेश पारख सचिव, सुनील कोचर कोषाध्यक्ष एवं सम्यक बंगानी को सहसचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा संघ अधीनस्थ जैनम ग्रुप, जैन नवयुवक मंडल, एसबीजी ग्रुप, गुरुदेव भक्त मंडल, मनोहर बहु मंडल, अर्हम बहु मंडल, विहार सेवा ग्रुप, गुप्ति मनोहर बहु मंडल, वीर ग्रुप, जिनशासन सेवा ग्रुप, जैन पाटा ग्रुप, सामायिक ग्रुप, ज्ञान वल्लभ निपुणा पाठशाला, मनोहर इवेंट ग्रुप, आदिनाथ आयंबिल शाला ग्रुप के सदस्य एवं श्री संघ के सेवाभावी कार्यकर्ता आवश्यकतानुसार अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। वर्षावास 2026 का प्रथम प्रवचन आज शनिवार को 9 बजे प्रारम्भ होगा। समय से 5 मिनट पहले पधारें। यह जानकारी देते हुए अभिषेक दुग्गड़ एवं संजय बंगानी ने निवेदन करते हुए कहा है कि प्रवचन के दौरान मोबॉईल बंद या साइलेंट मोड में रखें। प्रवचन में अनावश्यक परस्पर चर्चा एवं कुर्सी आदि से आवाज न करें..ताकि किसी को व्यवधान न हो।

## खेतों में रोपाई कार्य ने पकड़ी रफ्तार...



**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी में इन दिनों रोपाई का काम तेजी से चल रहा है। किसान घनश्याम साहू ने बताया कि उनके 5 एकड़ में धान रोपाई का काम चल रहा है। वे एक वर्ष में तीन फसल लेते हैं। खरीफ फसल, चना, गेहूं और रबी फसल। रामजी साहू ने बताया कि 70 मजदूर एक दिन में चार-पांच एकड़ खेतों में रोपाई का कार्य पूरा कर लेते है। वर्तमान में मजदूरों द्वारा रोपाई के लिए 6500 रुपये प्रति एकड़ की दर तय की गई है। खेतों में मजदूरों की चहल-पहल से पूरा अंचल खेती-किसानी के रंग में रंग गया है।

## जिले में पहली बार संभाग स्तरीय बालिका फुटबॉल चयन ट्रायल शुरू

# फुटबॉल चयन ट्रायल में पांच जिलों की 200 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



स्कूल शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शुक्रवार से पीएम श्री स्कूल, गरियाबंद के खेल मैदान में पहली बार संभाग स्तरीय बालिका फुटबॉल चयन ट्रायल का शुभारंभ हुआ। दो दिवसीय इस चयन प्रक्रिया में रायपुर, महासमुंद, धमतरी, बलौदाबाजार और गरियाबंद जिले की 14, 17 एवं 19 वर्ष आयु वर्ग की करीब 200 बालिका खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। ट्रायल 24 और 25 जुलाई तक चलेगा, जिसके बाद चयनित खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में संभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी। चयन ट्रायल के दौरान खिलाड़ियों के खेल कौशल, फिटनेस, तकनीकी दक्षता और मैदान पर प्रदर्शन का विशेषज्ञों द्वारा मूल्यांकन किया जा रहा है। चयन समिति के अनुसार पूरी प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराई जा रही है। बृजभूषण ठाकुर ने कहा कि गरियाबंद में पहली बार संभाग स्तरीय फुटबॉल चयन ट्रायल का आयोजन जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि पांच जिलों से आई प्रतिभावान खिलाड़ी अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रही हैं और सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन कर उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अवसर दिया जाएगा। राजेश साहू ने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित यह ट्रायल खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा साबित करने का बड़ा मंच है। दो दिनों तक खिलाड़ियों के प्रदर्शन का सूक्ष्म मूल्यांकन किया जाएगा, ताकि ▶▶|शेष पेज 12 पर

## एनएच-130सी पर बाइक व साइकिल में भिड़ंत, अधेड़ गंभीर रूप से घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



मैनपुर देवभोग नेशनल हाइवे 130 सी मार्ग मे लगातार दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है। शुक्रवार को रथयात्र पर्व के दौरान एक सड़क दुर्घटना हो गई। गोहरापदर और धुरवागुड़ी के बीच मदांगमुंडा के पास नेशनल हाइवे 130 सी पर बाइक और साइकिल की आमने-सामने टक्कर में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घायल की पहचान बलू साहू (लगभग 50 वर्ष) के रूप में हुई है। वे नगरी क्षेत्र से अपने व्यवसाय के सिलसिले में गोहरापदर सामान खरीदने आ रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही साइकिल से उनकी बाइक की टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार घायल हो गया, जबकि साइकिल सवार सुरक्षित बताया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घायल को प्राथमिक सहायता देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, देवभोग पहुंचाया। अस्पताल में ▶▶|शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### बसना में होगा शहीद स्मारक का शुभारंभ

**महासमुंद**। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि बसना में विजय कारगिल दिवस पर 26 जुलाई के मौके पर शहीद स्मारक का नवनिर्मित और भव्य शहीद स्मारक का लोकार्पण किया जाएगा। आयोजन के तहत स्मारक परिसर में भारतीय सशस्त्र बल की वीरता और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक के रूप में इस साल 26 जुलाई को विजय कारगिल दिवस पर शुभारंभ होने जा रहा है। वहीं ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक का छठवां स्थापना दिवस 26 जुलाई को शाम 6 बजे मनाया जाएगा।

### राइस मिल में लगे सोलर पैनल से केबल चोरी

**महासमुंद**। सुनसुनिया स्थित राइस मिल परिसर में लगे सोलर पैनल के वायर व अन्य सामान चोरी के मामले में बागबाहरा थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को अंकुश अग्रवाल पिता कैलाश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि वह ग्राम सुनसुनिया में स्थित श्रीश्यामजी एग्रोटेक (राइस मिल) में पार्टनर है और उसका संचालन करता है। राइस मिल परिसर में 260 किलोवाट का सोलर पैनल इंस्टाल कराया था, जब उसने 8 जुलाई को जब ऑनलाइन एप में देखा तो राइस मिल परिसर में लगे सोलर प्लांट बंद था। प्लांट मे जाकर देखने पर पता चला कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा 07-8 जुलाई की मध्य रात्रि को सोलर पैनल से इनवर्टर के बीच मे लगे केबल एवं कनेक्टिंग पिन को काटकर चोरी कर ली गई। वहीं अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी के दौरान लगभग 05-06 सोलर पैनल को क्षतिग्रस्त किया गया है। मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध धारा 305(1), 331(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### लोकमान्य तिलक और आजाद की मनाई जयंती

**रायपुर**। कान्यकुब्ज सभा शिक्षा मंडल द्वारा आजीवदत्त भवन में गुरुवार को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक एवं महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती श्रद्धा, सम्मान एवं राष्ट्रभक्ति के भाव के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ सभा के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा द्वारा दोनों महान विभूतियों के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रमुख वक्ता एवं पूर्व विधायक वीरेंद्र पांडे ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरणादायी संबोधन में लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के स्वराज्य आंदोलन में योगदान तथा अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के अदम्य साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति का विस्तृत वर्णन करते हुए कहा कि ऐसे महापुरुषों का जीवन आज भी देश की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में संजय अवस्थी, राजकुमार दीक्षित, सुरेश मिश्रा, राजकुमार दीक्षित, संजय अवस्थी, गौरव शुक्ला, विकास तिवारी, आशीष बाजपेयी, राघवेन्द्र पाठक, राजकुमार अवस्थी, प्रकाश अवस्थी, रमेश तिवारी, आरके दीक्षित, जेपी मिश्रा, एसएस त्रिवेदी, सत्यदेव तिवारी, गोपाल मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

### अंजिनेश बने बालोद जिला प्रभारी

**रायपुर**। भाजयुमो प्रदेश सह-प्रमुख विधि एवं तकनीक, उच्च न्यायलय अधिवक्ता अंजिनेश अंजय शुक्ला को जिला बालोद प्रभारी का दायित्व दिया गया। यह नियुक्ति भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी के अनुशंसा पर भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा के आदेश पर किया गया। यह दायित्व संगठनात्मक कार्य में उत्कृष्ट भूमिका निभाने के लिए प्रदान किया गया है। इस नियुक्ति से भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला बालोद निवासरत युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है।

### छोटूभाई कोठारी का निधन

**महासमुंद**। स्थानीय जैनश्री संघ के



वरिष्ठ सदस्य छोटूभाई कोठारी (92) का अस्वस्थता के चलते शुक्रवार की दोपहर निधन हो गया। वे मुकेश कोठारी के पिता एवं अनिल सेठ के ससुर थे।

---

## मैनपुर पहुंचे मंत्री गुरू खुशवंत का भाजपा नेताओं ने किया जोरदार स्वागत

# युवाओं के विकास व नौकरियों में पारदर्शिता के लिए प्रतिबद्ध है सरकार : मंत्री गुरु खुशवंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी सरकार युवाओं के समग्र विकास और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के लिए, निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में नौकरियों की भर्ती प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता लाने का ऐतिहासिक काम हमारी सरकार ने किया है, जिससे आज प्रदेश की जनता विष्णुदेव साय सरकार के सुशासन और जनकल्याणकारी नीतियों से पूरी तरह संतुष्ट है। उक्त बातें मैनपुर पहुंचे छत्तीसगढ़ सरकार के कौशल विकास एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहीं। मैनपुर आगमन पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब एवं राजिम विधायक रोहित साहू का भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी व ढोल-नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया। इस दौरान मंत्री ने पार्टी संगठन के कार्यों की समीक्षा की तथा शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।



### गांव, गरीब और किसानों की हितैषी है भाजपा सरकार : रोहित साहू

समारोह को संबोधित करते हुए राजिम विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण किए हैं। 'मोदी की गारंटी' के तहत प्रदेश में प्रधानमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, जल जीवन मिशन, आयुष्मान भारत और लखपति दीदी जैसी दर्जनों महत्वाकांक्षी योजनाएं धरातल पर क्रियान्वित हो रही हैं। भाजपा 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मूलमंत्र पर चलते हुए अंत्योदय के संकल्प को पूरा कर रही है। इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा प्रभारी व पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष संतोष यादव, दिलीप साहू, मोहन कुशवाहा, डाकेश्वर नेगी, पुलस्त शर्मा, मनोज निर्मलकर, यमराज ओटी, नंदकिशोर चौबे, तुलसी राठौर, जनक यादव और गुलशन साहू सहित बड़ी संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**नक्सलमुक्त होने के बाद मैनपुर-देवभोग क्षेत्र में तेजी से होंगे विकास कार्य**- मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ विकास के नए पथ पर अग्रसर है। गरीबों और युवाओं के कल्याण के लिए संसाधनों की कोई कमी नहीं है।

उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि गरियाबंद, मैनपुर और देवभोग अंचल में विकास की असीम संभावनाएं हैं। क्षेत्र के नक्सलमुक्त होने के बाद अब यहाँ योजनाबद्ध तरीके से तेजी से निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। करोड़ों रुपये के पुल-पुलिया निर्माण के साथ-साथ 'पीएम जनमन योजना' के तहत दूरस्थ पारा-टोलों तक पक्की सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। साथ ही नई औद्योगिक नीति के माध्यम से स्थानीय युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण व आजीविका के साधनों से जोड़ा जा रहा है।

### सामाजिक समरसता और लोककल्याण का प्रतीक है रथयात्रा : मंत्री गुरु खुशवंत

गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम अमलीपदर जगन्नाथ महोत्सव में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार के कौशल विकास तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरू खुशवंत साहेब शुक्रवार को दोपहर पहुंचे तो उनका आत्मीयता के साथ आचार्य पंडित युवराज पाण्डेय द्वारा स्वागत किया गया। मंत्री खुशवंत साहेब के साथ राजिम विधायक रोहित साहू, विधायक अनुज शर्मा, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव एवं जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप भी भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर क्षेत्र प्रदेश मे सुख- शांति समृद्धि की कामना किया। इस दौरान मंत्री खुशवंत साहेब ने कहा की भगवान श्री जगन्नाथ



रथयात्र भारत की संस्कृति परंपरा समाजिक समरसत और लोककल्याण की भावना का प्रतीक है। अमलीपदर में रथयात्रा महोत्सव कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। उन्होने कहा की भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करते हैं कि पूरे प्रदेश में सुख -शांति और समृद्धि खुशहाली बना रहे। इस दौरान पंडित युवराज पाण्डेय ने कहा की यहां रथयात्रा पर्व को लेकर पूरे एक वर्ष श्रद्धालु इंतिजार करते है। उन्होने कहा की सारे मंदिरों के अलावा एक मात्र श्री जगन्नाथ महाप्रभु ऐसे देव है जो अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए मंदिर से बाहर निकलकर रथ पर सवार होते है। उन्होने रथयात्रा कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे। सभी अतिथियों श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया। आज रथयात्रा महोत्सव में विभिन्न धार्मिक का आयोजन किया गया। भजन किर्तन और धार्मिक आयोजन के साथ पूरा क्षेत्र बोल कालिया के जयकारे से गूंज उठा। इस मौके पर प्रमख रूप से अमलीपदर के सरपंच हेमोबाई नागेश, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, कृष्णकुमार त्रिपाठी, सौरभ सिन्हा, तुशार, भोजलाल साहू, मुकेश साहू, बंशी साहू, सेवन पुजारी, ललिता यादव व क्षेत्रभर से हजारो की संख्या मे जनप्रतिनिधि श्रद्धालु उपस्थित थे।

---

# दिव्यांग अविवाहित महिलाओं की मांग, स्कीम के तहत मिलें लाभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के दिव्यांग अविवाहित महिलाओं ने छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना विष्णुदेव साय सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं में से सबसे बड़ी योजना है, इस योजना को लेकर अब अंचल की अविवाहित दिव्यांग महिलाओं ने मांग की है कि उन्होंने साय सरकार से वंदन योजना के तहत लाभ देने की मांग की है। दिव्यांग अविवाहित महिलाओं ने इस योजना के तहत हर महीने आर्थिक सहायता की मांग की है। अविवाहित दिव्यांग महिलाएं रसेला से गंगा मरकाम, लक्ष्मी कुंजाम, रंजीता पटेल ,चद्रीका साहू कनसिधी निवासी रुक्मणी सेन ने कहा कि सरकार के द्वारा महतारी वंदन योजना शुरू की गई है, जिसका लाभ विवाहित महिलाओं को मिलता है, लेकिन हमें नहीं मिल रहा है, क्योंकि हम अविवाहित हैं, हमारे अविवाहित होने की वजह दिव्यांगता है। दिव्यागता की वजह से हमारी शादी नहीं हुई है। सरकार को इस योजना का लाभ हम दिव्यांग महिलाओं को भी देना चाहिए। महतारी वंदन योजना शादी शुदा महिलाओं के लिए है, ऐसे में हम सब दिव्यांग महिलाएं सरकार से मांग करतीं हैं कि हमें महतारी वंदन योजना का लाभ दे। इस योजना के तहत छत्तीसगढ़ की विवाहिता महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपये की आर्थिक सहायता दी जा रही, जो आज यहा योजना लागू हुए पांच माह होने को है। यह योजना भाजपा की साय सरकार ने शुरू की है, हर महीने प्रदेश की लाखों महिलाओं को इस योजना के तहत लाभ मिल रहा है। यही वजह है कि हर महीने महतारी वंदन योजना की राशि आने को लेकर महिलाएं उत्साहित हैं। और हम लोगों इस योजना से वंचित हो रहे हैं। शासन प्रशासन से सभी दिव्यांग महिलाओं ने इस योजना से जल्द से जल्द जोड़ने की मांग की गई है।

### ग्राम जौंदी की बेटी रोली साहू बनीं अधिवक्ता

**नवापारा-राजिम**। नवापारा से लगे ग्राम जौंदी के किसान टीकमचंद साहू की सुपुत्री रोली साहू ने एलएलबी की परीक्षा में 72.11 प्रतिशत अंक प्राप्त कर



उत्कृष्ट सफलता हासिल की है। इसके साथ ही उन्होंने ऑल इंडिया बार परीक्षा भी उत्तीर्ण कर अधिवक्ता बनने का गौरव प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि से न केवल परिवार, बल्कि पूरे गांव, साहू समाज और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। ग्रामीण परिवेश में पली-बढ़ी रोली साहू ने यह साबित कर दिया कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और मेहनत सच्ची हो, तो गांव की बेटियां भी देशभर में अपनी अलग पहचान बना सकती हैं। आज जब वे काला कोट पहनकर अधिवक्ता के रूप में न्याय के क्षेत्र में कदम रख रही हैं, तब यह सफलता हजारों ग्रामीण बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

---

# आवारा कुत्तों और बाउंड्रीवॉल की हर महीने एसएएमआईएस पोर्टल पर देनी होगी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

सरकारी और निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर स्कूल शिक्षा विभाग ने नया आदेश जारी किया है। अब सभी जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) और विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) को अपने क्षेत्र के स्कूलों में आवारा कुत्तों की स्थिति और सुरक्षा इंतजामों की जानकारी हर महीने एसएएमआईएस पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देश के अनुसार अधिकारियों को यह बताना होगा कि स्कूल परिसर या उसके आसपास कितने आवारा कुत्ते घूमते हैं, स्कूल में बाउंड्रीवॉल और गेट की व्यवस्था है या नहीं, तथा आवारा कुत्तों की निगरानी के लिए किसे नोडल अधिकारी बनाया गया है। रिपोर्ट में यह बताना होगा कि स्कूल के आस-पास कितने आवारा कुत्ते घूमते हैं। कुत्तों की एंट्री रोकने बाउंड्रीवाल बनाई गई या नहीं? स्कूल में कुत्तों पर निगरानी रखने नोडल अफसर कौन हैं? डीईओ के आदेश का सीधा, मतलब यह माना जा रहा है कि अगर किसी स्कूल कैंपस में आवारा कुत्ते घूम रहे हैं या बाउंड्रीवॉल-गेट गायब है, तो इसके लिए अब शिक्षा विभाग के अफसर



जिम्मदार होंगे।निर्देश के अनुसार सभी जिला शिक्षा अधिकारियों यह बताना होगा कि इसी माह जुलाई के अंत तक हर हाल में अपने लॉगिन आईडी से एसएएमआईएस (चआवारा पशु निगरानी एवं सूचना प्रणालीज) पोर्टल पर हर बिंदु पर इंट्री करवाएं। जिससे डीईओ के अफसरों को स्थिति की पूरी जानकारी मिल सके कि फील्ड में आवारा कुत्तों की निगरानी के लिए क्या किया जा रहा है और कहां सुरक्षा की जरूरत है।

**पोर्टल पर इन बिंदुओं की जानकारी देगी होगी**- विभाग द्वारा जारी निर्देश के अनुसार, अधिकारियों को अपने-अपने जिलों और ब्लॉकों के सरकारी व निजी दोनों प्रकार के स्कूलों से डेटा एकत्र कर पोर्टल पर दर्ज करना होगा। नोडल अधिकारी और नोटिस बोर्ड कितने सरकारी और निजी स्कूलों में कुत्तों से बचाव के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं और प्रवेश द्वार पर सावधानी संबंधी नोटिस बोर्ड लगाए गए हैं या नहीं। बाउंड्रीवॉल और फेंसिंग की स्थिति- कितने स्कूल परिसरों को फेसिंग, बाउंड्रीवॉल या गेट के माध्यम से सुरक्षित किया गया है और आदेश के बाद कितने नए परिसर सुरक्षित हुए। साथ ही, ऐसे कितने स्कूल बाकी हैं जहां बाउंड्रीवॉल गेट का निर्माण अभी होना है। स्कूलों में कुत्ते के काटने या आपात स्थिति से निपटने के लिए फर्स्ट एड बॉक्स उपलब्ध हैं और किन स्कूलों में यह व्यवस्था नहीं है।

---

# शहर के 30 वार्डों में आवासहीन परिवारों का पट्टा सर्वे शुरू

## नपा उपाध्यक्ष देवीचंद राठी व पार्षदों ने तहसीलदार से ली जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, पार्षदगण भाऊराम साहू, माखन पटेल, पीयूष साहू, चंद्रशेखर बेलदार एवं एल्डरमैन लाल विजय सिंहदेव ने शहर के 30 वार्डों में आवासहीन परिवारों को पट्टा अधिकार अधिनियम के तहत चल रहे सर्वे कार्य के संबंध में पर्यवेक्षक व तहसीलदार जुगलकिशोर पटेल से मुलाकात कर जानकारी ली।

राठी ने पटेल से कहा कि छग शासन के राजस्व मंत्रालय द्वारा नगरीय क्षेत्र में गरीब परिवारों को आवास का पट्टा जारी करने का निर्देश दिया गया था तथा 15 अगस्त



तक शासन ने जानकारी मांगी है। वर्तमान में सर्वे की क्या स्थिति है। पर्यवेक्षक पटेल ने बताया कि महासमुंद शहर के 30 वार्डों को तीन जोन में बांटकर तीन टीमें बनाई गई हैं। जिसमें राजस्व आरआई, पटवारी, नगर पालिका के मुहर्रिर, कर्मचारी व कोटवारों को शामिल किया गया है। ये टीमें 15 अगस्त तक वार्डों में सर्वे का कार्य करेंगी। सर्वे में सरकारी, घास जमीन, आबादी व टाऊन कंट्री प्लान के तहत आवासीय व मिश्रित जमीन को आधार लेकर सर्वे किया जा रहा है। इसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी। इसके बाद अनुविभागीय अधिकारी राजस्व में प्रकरण दर्ज कर सुनवाई उपरांत मालिकाना हक का पट्टा दिया जाएगा।

### गरीब परिवारों से अपील

देवीचंद ने शहर में निवासरत गरीब परिवार जो सरकारी जमीन में काबिज हैं उनसे अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार द्वारा मालिकाना हक दिया जा रहा है। सर्वे कार्य जारी है। आप सभी सक्रिय होकर सर्वे टीम को मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराएं जिससे पट्टा जारी करने में आसानी होगी। सरकार की मंशा है कि हर गरीब परिवार को मालिकाना हक देकर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 का लाभ दिलाया जाए। इस महती योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

### सड़क सुरक्षा के लिए आईआईटी मद्रास के साथ एमओयू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के परिवहन विभाग एवं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास के सड़क सुरक्षा उत्कृष्टता केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को रायपुर में डेटा-आधारित हाइपरलोकल इंटरवेंशन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण तथा सहकारिता मंत्री केदार कश्यप थे। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन एवं आईआईटी मद्रास के बीच कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। इस साझेदारी का उद्देश्य राज्य में सड़क दुर्घटनाओं में वैज्ञानिक एवं डेटा-आधारित दृष्टिकोण से कमी लाना है।

### लाफिनखुर्द हाईस्कूल में हुआ छात्र संघ का गठन

**महासमुंद**। शासकीय हाईस्कूल लाफिनखुर्द में शैक्षणिक सत्र 2026–27 के सफल संचालन, विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास तथा विद्यालयीन गतिविधियों के प्रभावी संचालन के लिए छात्र संघ का गठन किया गया। उच्च शैक्षणिक उपलब्धि के आधार पर प्रीति साहू (कक्षा 10वीं) को छात्र संघ का अध्यक्ष, नम्रता 9वीं को उपाध्यक्ष, पायल साहू 10वीं को सचिव, सावित्री 9वीं को सहसचिव, दीक्षा साहू को छात्रा प्रतिनिधि मनोनीत किया गया। साथ ही विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के सुचारु संचालन के लिए कक्षा नायक, उपकक्षा नायक तथा विभिन्न प्रभारियों एवं सह-प्रभारियों सहित अन्य पदाधिकारियों का भी चयन किया गया। जिसमें भावेश ध्रुव, दिव्या, कुसुम, तृप्ति, सोनिया, रेणुका, थनेश कुमार साहू, साक्षी, लिसा साहू, गोपिका साहू, मेरा यादव, खिलेंद्र, तारिणी, चित्रलेखा, कुसुमलता साहू, जागृति, गीतांजलि साहू, प्रियंका, इशा, सागर कनौजे, दिव्या, दुर्गा, लक्ष्मी साहू, डागेश्वरी, माधव निषाद, डिगेश्वरी पटेल, साक्षी तरुण निषाद, पंकज बंजारे एवं कुणाल यादव शामिल हैं।

---

पेज 11 के शेष...

### 9 दिन मौसी के घर...

समाज और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। रथयात्रा के दौरान पूरा नगर धार्मिक रंग में रंगा नजर आया। महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चों सहित सभी वर्गों के लोग भक्ति भाव से यात्रा में शामिल हुए। भजन-कीर्तन, शंखनाद और घंटियों की मधुर ध्वनि ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालुओं का उत्साह और आस्था देखते ही बन रही थी। **एकल विग्रह की अनूठी परंपरा, देवभोग मंदिर की विशेष पहचान**- देवभोग का प्राचीन श्री जगन्नाथ मंदिर अपनी विशिष्ट धार्मिक परंपरा के कारण पूरे क्षेत्र में अलग पहचान रखता है। इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां केवल भगवान श्री जगन्नाथ का एकल विग्रह विराजमान है। देश के अधिकांश जगन्नाथ मंदिरों में भगवान बलभद्र और माता सुभद्रा के साथ भगवान जगन्नाथ की पूजा होती है लेकिन देवभोग का यह मंदिर अपनी अनूठी परंपरा के कारण श्रद्धालुओं की विशेष आस्था का केंद्र बना हुआ है। मंदिर की पूजा-अर्चना और परंपराओं का निर्वहन वर्षों से टेमरा के बेहेरा परिवार द्वारा किया जा रहा है। जय जगन्नाथ सेवा समिति के सहयोग से प्रतिवर्ष रथयात्रा और बाहुड़ा यात्र का आयोजन वैदिक विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न कराया जाता है। **भक्ति, परंपरा और सामाजिक समरसता का बना अनुपम संगम**- बाहुड़ा यात्रा के दौरान सुबह से ही मंदिर और रथ मार्ग पर श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। भगवान के दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने रथ की रस्सी खींचकर स्वयं को धन्य महसूस किया। धार्मिक मान्यता है कि बाहुड़ा यात्र में भगवान जगन्नाथ के दर्शन तथा रथ खींचने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है और जीवन में सुख,समृद्धि एवं मंगल का आगमन होता है। मंदिर पहुंचने के बाद भगवान श्री जगन्नाथ का वैदिक मंत्रेच्चार के बीच विशेष पूजा–अर्चना एवं महाआरती की गई। जय जगन्नाथ सेवा समिति ने पूरे आयोजन की व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से संभाला। सुरक्षा, श्रद्धालुओं की सुविधा और धार्मिक परंपराओं के पालन का विशेष ध्यान रखा गया। देवभोग की बाहुड़ा यात्रा एक बार फिर केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं बल्कि सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक विरासत और जनआस्था का जीवंत प्रतीक बनकर सामने आई।

### नवापारा में साहू समाज...

सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही जिला साहू संघ रायपुर ग्रामीण के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों हीरामन साहू अध्यक्ष, पोषण साहू उपाध्यक्ष, धनमती साहू महिला उपाध्यक्ष, योगेश साहू संगठन सचिव एवं सरस्वती साहू महिला संगठन सचिव को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में साहू समाज राजिम भक्तिन माता मंदिर समिति, राजिम के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों लाला साहू अध्यक्ष, आलोक साहू उपाध्यक्ष, शारदा देवी साहू महिला उपाध्यक्ष, रमेश साहू संगठन सचिव एवं गीता साहू महिला संगठन सचिव का सम्मान होगा। इसके अतिरिक्त पेंशनर समाज तहसील इकाई के पदाधिकारियों रवि शंकर साहू अध्यक्ष, हरिराम साहू सचिव एवं भरोसी राम साहू महामंत्री को भी सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए नगर साहू समाज परिक्षेत्र नवापारा के अध्यक्ष रमेश साहू, गेंदराम साहू, लखन साहू, रज्जू गुरुजी, चंपू साहू सहित समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य सक्रिय रूप से तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### पेड़ से टकराई

एंबुलेंस में गरियाबंद के लिए रवाना किया गया। इस हादसे को सुनकर सभी राजस्थानी मौके पर पहुंचने लगे थे। प्रत्यक्षदर्शी के अनुसार मृतक ने हेलमेट नहीं पहना था।वह हेलमेट पहने होता तो उसकी जान बच सकती थी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव को गरियाबंद भेजा गया और जांच शुरू कर दी है। सगे संबंधियों ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव को क्रिया करम के लिए राजस्थान ले जाएंगे। मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।

### ग्राम खुटेरी में...

तक इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मलबा तत्काल हटाने तथा जर्जर भवनों का सर्वे कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से जनहानि की आशंका को रोका जा सके।

### किसानों को मिला...

अवसर पर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी भावेश कुमार शांडिल्य ने उपस्थित किसानों को कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, पीएम आशा योजना, कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आत्मनिर्भर दलहन मिशन तथा नमो योजना के माध्यम से किसानों को आर्थिक सहायता, गुणवत्तायुक्त बीज, तकनीकी मार्गदर्शन एवं विपणन संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने किसानों से समय पर फसल बीमा कराने, शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की अपील की। साथ ही मूंगफली एवं अरहर की उन्नत किस्मों की खेती, बीज उपचार, संतुलित उर्वरक उपयोग तथा रोग एवं कीट प्रबंधन की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान पात्र किसानों को मूंगफली एवं अरहर मिनीकिट बीज का वितरण किया गया, जिससे आगामी खरीफ सीजन में दलहन एवं तिलहन फसलों का रकबा बढ़ाने में मदद मिलेगी। किसानों ने कृषि विभाग की इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण बीज मिलने से उन्हें बेहतर उत्पादन प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम में कृषि विभाग से पुष्पलता ध्रुव, रोमन ठाकुर, संजय सिंह ध्रुव, अलका ध्रुव, शिवकुमार साहू, संदीप प्रधान, सनत दीवान एवं पुस्तम चौहान सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर ग्राम के बिसेलाल ठाकुर, भारत ध्रुव, भावसिंह, बसंत बाई, कमल, बिसौहा, हेमलाल, जोहन, संतराम, गीता बाई, भगवान सिंह, कुमार सिंह, ओकेश, जगतू, सियाराम, कमलेश सिन्हा, हेमचंद चंद्राकर, नंदलाल, घनाराम, फगुआ, चमन सिन्हा, ओभीराम सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में किसानों ने शासन की कृषि योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाकर उत्पादन बढ़ाने का संकल्प लिया।

### फुटबॉल चयन ट्रायल...

संभाग की सबसे मजबूत टीम तैयार की जा सके।

**प्रतिभावान खिलाड़ी अपनी क्षमता का प्रदर्शन कर रही**- प्रतियोगिता में भाग लेने अन्य जिलों से पहुंचीं खिलाड़ियों और उनके साथ आए शारीरिक प्रशिक्षण अनुदेशकों (पीटीआई) ने आयोजन की व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने खेल मैदान, कोचिंग, भोजन, आवास और अन्य सुविधाओं को उत्कृष्ट बताते हुए कहा कि बेहतर वातावरण मिलने से खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का अवसर मिल रहा है। आयोजन के नोडल अधिकारी संजीव साहू हैं। चयन प्रक्रिया में बृजभूषण ठाकुर, राजेश साहू, आनंद झा, यूके नेताम, जिला खेल अधिकारी प्रवीण चंद्राकर, किशुन नेताम, रेफरी रमीज खान, वत्सल गुप्ता, होरी साहू, श्रुति गोदियाल, विनय दीवान, रजनी भाया, नलिनी सौन, कुंवर नारायण गभेल, अनिरुद्ध निर्मलकर, मनीष बंजारे, सेमवुल, पीयूष और हीरेंद्र साहू सहित चयन समिति एवं खेल शिक्षकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वहीं आयोजन को सफल बनाने में सूरज महाड़ीक, देवेंद्र वंजारी, नंदकुमार रात्रे, निलेश देवांगन, खुमेश साहू, दानवीर साहू, देवेंद्र पांडे, महेंद्र राजपूत, महेंद्र यादव, एस. नारायण, जीतू सेन, डोमेश्वर ध्रुव, पंकज साहू तथा गोप कुमार सहित अन्य खेल अधिकारियों और शिक्षकों का विशेष सहयोग रहा। चयन समिति ने बताया कि दो दिनों तक खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करने के बाद अंतिम सूची जारी की जाएगी, जिसके आधार पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए संभाग की टीम का गठन किया जाएगा।

### एनएच-130सी पर...

उनका उपचार जारी है। आज रथयात्र पर्व होने के कारण क्षेत्र में श्रद्धालुओं और वाहनों की आवाजाही सामान्य दिनों की अपेक्षा अधिक रही। इसी बीच यह दुर्घटना हो गई। हालांकि दुर्घटना का कारण जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नेशनल हाइवे पर आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसे में वाहन चालकों को विशेष सावधानी बरतने और निर्धारित गति सीमा का पालन करने की आवश्यकता है।

## खबर संक्षेप

### शराब बिक्री कर रहे अधेड़ पर कार्रवाई

**महासमुंद।** ग्राम मुनगाडीह बड़े साजापाली से मुनगाडीह जाने वाले रोड किनारे शराब की बिक्री करने वाले एक अधेड़ व्यक्ति के खिलाफ बसना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से करीबन 04 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब कीमत 800 रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध 34(1) आबकारी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई की गई।

### गीतांशु का प्रयास, पूर्वी का एकलव्य में चयन

**कोमाखान।** कर्मा पब्लिक स्कूल कोमाखान के छात्र गीतांशु साहू (कसेकेरा) का प्रयास विद्यालय में चयन हुआ है। इसी तरह ग्राम भुरकोनी कर्मा पब्लिक स्कूल की छात्रा पूर्वी दीवान का एकलव्य आवासीय विद्यालय में चयन हुआ है। इन दोनों के चयन पर कर्मा पब्लिक स्कूल के एमडी मोहन साहू तथा प्राचार्य जान्हवी साहू समेत शिक्षक व शिक्षिकाओं समेत स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया है।

### आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत

**महासमुंद।** प्राकृतिक आपदा से मृत्यु होने पर मृतक के निकटतम वारिसान के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। इनमें सर्पदंश से मृत्यु होने पर बागबाहरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम देवरी की मृतका रूखमणि निषाद के पिता प्रेमलाल निषाद के लिए चार लाख रुपए आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### ट्रांसफार्मर से वायर चोरी

**महासमुंद।** नगर के कुम्हारपारा के गौराचौरा चौक स्थित ट्रांसफार्मर से वाइंडिंग वायर चोरी के मामले में कोतवाली थाने में अज्ञात आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि 22 जुलाई की आधी रात अज्ञात व्यक्तियों ने कुम्हार पारा गौरा गौरी चौक के पहले लगे ट्रांसफार्मर से वाइडिंग वायर कीमत करीब 25 हजार रुपए की चोरी कर ली। मामले की रिपोर्ट पर धारा 305 (ई) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रचार-प्रसार के लिए शिक्षकों को प्रेरक पुस्तिकाओं का वितरण

**महासमुंद।** स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ के तत्वावधान में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रचार-प्रसार एवं शिक्षकों को प्रेरित करने के उद्देश्य से शासकीय मिडिल स्कूल बेलसोंडा, शासकीय हाई स्कूल बेलसोंडा, शासकीय मिडिल स्कूल बिरकोनी एवं शासकीय हाईस्कूल बिरकोनी के शिक्षकों को 'हारिए ना हिम्मत' एवं 'शिक्षक अपना दायित्व समझे', शीर्षक प्रेरणादायी पॉकेट पुस्तिकाओं का वितरण किया गया।

---

**कार्यशाला : संत रविदास जी की 650वीं जयंती को लेकर भाजपा की जिला कार्यशाला**

# संत रविदास का जीवन सामाजिक समरसता और बंधुत्व का प्रतीक : योगेश्वर राजू सिन्हा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में शुक्रवार 24 जुलाई को संत शिरोमणि रविदास महाराज जी की आगामी 650वीं जयंती के पावन अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों और अभियानों की रूपरेखा तैयार करने के लिए एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में संत रविदास जी के विचारों, सामाजिक समरसता के संदेश और उनके जीवन दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रस्तावित कार्यक्रमों को अंतिम रूप दिया गया। विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि संत रविदास जी ने अपने विचारों और शिक्षा के माध्यम से समाज से भेदभाव को मिटाकर समरसता का संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में वाराणसी में संत रविदास जी का भव्य स्मारक आकार ले रहा है, जो उनकी विरासत को सहेजने का ऐतिहासिक कार्य है। इस उपलक्ष्य में भाजपा की एक विशेष टीम 27 तारीख को वाराणसी जाकर वहाँ से कलश में पवित्र माटी एवं जल लेकर छत्तीसगढ़ आएगी। इस पवित्र जल और माटी को प्रदेश के सभी प्रमुख देव स्थलों और मंदिरों में ले जाया जाएगा, जहां विशेष सांस्कृतिक व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।



### निष्ठा और सेवा भाव से मनाएंगे संत रविदास जयंती : अनिल चंद्राकर

भाजपा के जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने कहा कि पार्टी का यह अभियान केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि संत रविदास जी के विचारों को हर घर तक पहुँचाने का संकल्प है। प्रदेशभर में आयोजित होने वाली कार्यशालाओं के माध्यम से कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी जा रही है। 27 तारीख को वाराणसी से कलश में पवित्र जल और माटी लाने वाली टीम के स्वागत से लेकर प्रदेश के सभी प्रमुख देव स्थलों तक उसे पहुँचाने की व्यवस्था को सुचारू रूप से लागू किया जाएगा, ताकि आयोजन भव्य और सर्वसमावेशी बने।

### संत रविदास के विचार आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायी : अमित चिमनानी

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एव जिला प्रभारी अमित चिमनानी ने कहा कि संत रविदास एक ऐसे महान संत थे जिन्होंने श्रम की प्रतिष्ठा, समानता और मानवीय मूल्यों को सर्वोपरि रखा। उनके बताए मार्ग पर चलते हुए केंद्र सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि वाराणसी स्थित संत रविदास जी के भव्य स्मारक स्थल से 27 तारीख को कलश में लाई जाने वाली पवित्र माटी और जल को छत्तीसगढ़ के कोने-कोने में पहुँचेगा। मंदिरों और देव स्थलों पर होने वाले इन कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जन तक संत रविदास जी के विचारों और संदेशों को पहुँचाया जाएगा। राष्ट्रीय प्रवक्ता श्री पासवान ने बताया कि जयंती वर्ष के दौरान प्रदेशभर में सामाजिक समरसता यात्राओं, विचार गोष्ठियों और संत रविदास जी की शिक्षाओं पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक ले जाने का संकल्प लिया गया, ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति तक संत रविदास जी का संदेश पहुँच सके। इसी तरह विद्यालयों, महाविद्यालयों और बस्तियों में निबंध, चित्रकला एवं विचार-विमर्श प्रतियोगिताओं के जरिए नई पीढ़ी को संत रविदास जी के विचारों से अवगत कराया जाएगा। संत रविदास जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेशभर में विशेष स्वच्छता अभियान और सेवा कार्यों का संचालन किया जाएगा।

### अभियान को लेकर बूथ स्तर तक तैयारियों में जुटी भाजपा : संतोष उपाध्याय

पूर्व विधायक राजिम संतोष उपाध्याय ने जानकारी देते हुए कहा कि पार्टी इस अवसर पर प्रदेशभर में विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला चलाएगी। वाराणसी में बन रहे भव्य स्मारक स्थल से 27 तारीख को कलश में पवित्र माटी व जल लाने के लिए विशेष टीम रवाना होगी। इसके बाद इस पवित्र माटी व जल को राज्य के सभी प्रमुख मंदिरों और देव स्थलों तक पहुंचाने का कार्य योजनाबद्ध तरीके से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी जिलों में 25, 26, 27 जुलाई तक कार्यशाला होगी। सभी जिलों और मंडलों में कार्यकर्ताओं की सहभागिता से इन विशेष कार्यक्रमों को ऐतिहासिक बनाया जाएगा। इस कार्यशाला में पूर्व जिला अध्यक्ष रामकुमार साहू राजेश साहू, जिला महामंत्री डॉ आशीष शर्मा, चंद्रशेखर साहू, जिला उपाध्यक्ष प्रीतम सिन्हा, गुरुनरायण तिवारी, ईश्वर साहू, पद्मलोचन जगत, केशरी ध्रुव, हलमन धुरुवा, लालिमा पारस ठाकुर, शिवागनी चतुर्वेदी जिला मंत्री सुरेंद्र सोंटेके, मनीष सिन्हा, सरिता ठाकुर, शीतला पाण्डेय, बिंदु सिन्हा, मिलेश्वरी साहू, मण्डल अध्यक्ष सुमित पारख, धनराज विश्वकर्मा, रिकेश साहू, गोपी ध्रुव, मंजू हरित, खोमन चंद्राकर, हेमंत सिन्हा, संतोष यादव, शिव शंकर,जायसवाल, जगमोहन पटेल भगवानो बेहरा, धनजय नेताम, प्रहलाद ठाकुर सहित पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# जनक ध्रुव ने 5 लाख रुपए के शीतला मंदिर गुढ़ी निर्माण का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर स्थित शीतला मंदिर गुढ़ी निर्माण के लिए भूमिपूजन किया लगभग 5 लाख रूपये की लागत से मैनपुर मे मातागुढ़ी निर्माण किया जाना है। शुक्रवार को विधिविधान के साथ पूजा अर्चना कर निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया। विधायक जनक ध्रुव ने कहा की क्षेत्र के विकास के लिए उनके द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है अधिकांश मातागुढ़ी निर्माण व देवस्थल को संरक्षित करने के लिए ठोस कदम उठाते हुए राशि स्वीकृत कराई जा रही है। इस दौरान ग्राम पंचायत मैनपुर के सरपंच हनिता नायक, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव, महामंत्री गेंदु यादव, वरिष्ठ नागरिक थानुराम पटेल, पूर्व सरपंच बलदेव राज ठाकुर, उत्तम पटेल, हरिश्वर पटेल, सांकेत पटेल, पवन पटेल, भागवती श्रीवास्तव, एकता दीक्षित, देवकी तिरधारी, कांती पटेल, पारेश्वर नेताम, बलदेव नायक, कृष्णकुमार, बलियार ध्रुव, डोमार साहू, जनक यादव सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर भाठीगढ़ स्थित मातागुढ़ी निर्माण कार्य पूर्ण होने पर विधायक जनक ध्रुव ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इस दौरान प्रमुख रूप से खेदु नेगी, आसाराम यादव, हरिशचंद नेगी, नाथुराम ध्रुवा, डाकेश्वर नेगी, त्रिनाथ नायक, गोलु नायक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### मानवीय संवेदना के साथ मरीजों का उपचार करें : कलेक्टर

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुविधाजनक और प्रभावी बनाने के निर्देश देते हुए कहा है कि चिकित्सक मानवीय संवेदना के साथ मरीजों का उपचार करें एवं सकारात्मक व्यवहार करें। जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में हुई। जिसमें बैठक में जिला पंचायत सीईओ अनुपमा आनंद, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. आई नागेश्वर राव, जिला कार्यक्रम प्रबंधक नीलू धृतलहरे, बीएमओ, स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (टीबी), राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई। कलेक्टर लंगेह ने कहा कि वर्ष 2026 तक टीबी मुक्त पंचायत, टीबी मुक्त विकासखंड एवं टीबी मुक्त जिला बनाने के लक्ष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ प्राप्त किया जाए।

# हफ्तेभर बाद खिली धूप, किसानी व निर्माण कार्यों ने पकड़ी रफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शुक्रवार को बारिश के थमने से एवं आसमान से सूरज भगवान के दर्शन होने पर लोगों ने राहत की सांसे ली है। किसानों ने कहा कि धूप निकलने पर धान के पौधों मे होगी वृद्धि। आसमान मे बादलों की उपस्थिति से गर्मी एवं उमस बढ़ी।धूप निकलने से श्रमिकों को मिला काम। गृह निर्माण एवं खेती किसानी के काम बढ़े। 16 जुलाई से 22 जुलाई तक रूकरूक हो रहे झमाझम बारिश के चलते नागरिकों को अपने कार्यो मे अड़चने आ रही थी वहां पर किसानों को भी खेती किसानी करने मे परेशानी हो रही थी। 23 जुलाई को बादलों की छटनी हुई तो सूरज भगवान के न्यूतम दर्शन हुए। वहीं पर 24 जुलाई को दिन भर बारिश नहीं होने से आसमान से बादले छटे और सूरज भगवान के प्रकाश भी पूर्णरूप से दिखाई दिये।बादल के छटने से किसान एवं श्रमिक भी खेतों पर काम करने बड़ी संख्या मे जाते दिखे। श्रमिकों ने बताया कि बारिश के चलते घर बैठना पड़ गया था। न तो वे मकान निर्माण के काम मे जा पा रहे थे और न ही खेतो मे काम पर जा पा रहे थे।ज्यादा दिन तक घर बैठना भी अच्छा नहीं लगता आमदानी मे नुकसान हो रहा था।भगवान से चाहते है कि कम से कम हफता,पंद्रह दिन कम से धूप निकले जिससे काम एवं खेती किसानी मे का काम सुचारू रूप से हो सके। लोगो ने थोड़े दिन बारिश नही होने की उम्मीद अवश्य जताई है लेकिन देखना होगा प्रकृति का रूप किस कदर बैठता है।

### भैंसातरा में शिक्षकों का सम्मान



**राजिम।** शा पूर्व मा शाला भैंसातरा में शिक्षक सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक प्रभारी प्रधानपाठक रूपलाल साहू थे। अध्यक्षता शा उ मा शाला बिजली के प्राचार्य रामनारायण मिश्रा ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सरपंच अंजलि ध्रुव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रामू दीवान ,संकुल समन्वयक अनिल मेघवानी, प्रधानपाठक रामकुमार साहू, होरीलाल, नेमूराम साहू, पुरुषोत्तम साहू, बलराम साहू मौजूद थे। सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चनाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर रूपलाल साहू तथा रामनारायण मिश्रा का श्रीफल एवं श्रीमद् भागवत गीता भेंट कर सम्मान किया गया।

### एक्सीलेंस अवार्ड का आयोजन



**नवापारा-राजिम।** सामाजिक संस्था स्टेला वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में नगर के छांटा रोड स्थित सुंदर पैलेस में छत्तीसगढ़ एक्सीलेंस अवार्ड 2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक इंद्रकुमार साहू एवं नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू के करकमलों से दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, योगिता सिन्हा महिला, जिला सरपंच संघ के अध्यक्ष मुकेश ढीढी मौजूद थे। कार्यक्रम की आयोजक स्टेला वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष पूजा सायरानी ने बताया कि इस आयोजान में छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से आए प्रतिभागियों ने नृत्य, ग्रुप डांस, रैप वॉक और ब्राइंडल मेकअप जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। पूरे दिन चले आयोजन में दर्शकों ने प्रतिभागियों का उत्साहावर्धन किया। छत्तीसगढ़ फिल्म विकास निगम की अध्यक्ष मोना सेन एवं रितिका यादव ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया।

**न्यायालय तहसीलदार छुरा, जिला - गरियाबंद (छ.ग.)**

**// उद्घोषणा //**

रा.प्र.क्र. 202607220600007/ अ-21 / वर्ष 2025-26

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक / दानकर्ता योगेश कुमार पिता रामाधार जाति तेली निवासी छुरा द्वारा ग्राम/नगर छुरा प.ह.नं. 24 तहसील छुरा जिला गरियाबंद (छ.ग.) में स्थित व्यवसायिक प्रयोजनार्थ परिवर्तित भूमि खसरा नम्बर 394/3 रकबा 0.08 हे. भूमि को अपने पत्नी अर्थात अनावेदक/दानग्रहिता योगेश्वरी गायकवाड़ पति योगेश कुमार गायकवाड़ निवासी छुरा तहसील छुरा के पक्ष में दान पत्र निष्पादन की अनुमति प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये है। प्रकरण जांच प्रतिवेदनार्थ न्यायालय कलेक्टर गरियाबंद (छ.ग.) से अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गरियाबंद के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

उपरोक्त संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/ संस्था / शासकीय /अर्धशासकीय निकाय या अन्य संस्था को किसी भी प्रकार की दावा/आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 30.07.2026 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत तिथि के बाद प्राप्त होने वाले दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.07.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

**तहसीलदार**
**छुरा, छ.ग.**

# हाई स्कूल बरगांव में छात्र संघ युवा एवं इको क्लब का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



शासकीय हाई स्कूल बरगांव में विद्यालय की विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक, खेल एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों के प्रभावी संचालन तथा विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन एवं उत्तरदायित्व की भावना विकसित करने के उद्देश्य से छात्र संघ तथा युवा एवं इको क्लब के पदाधिकारियों का गठन किया गया। छात्र संघ में शाला नायक के रूप में कु. अमीषा नागेश (कक्षा 10वीं), उपशाला नायक दीपक कुमार ध्रुव (10वीं), शाला सचिव कु. उर्मिला नायक (10वीं), क्रीड़ा सचिव डिगेश कुमार (9वीं), शिक्षा सचिव पुष्पराज सिन्हा (10वीं), पर्यावरण सचिव कु. माहेश्वरी ध्रुव (8वीं), सांस्कृतिक सचिव कु. टोपेश्वरी नागेश (10वीं), स्वास्थ्य सचिव कु. निलेश्वरी कश्यप (10वीं), स्वच्छता सचिव टिकेश्वर कश्यप (10वीं) तथा अनुशासन सचिव कु. टिकेश्वरी विश्वकर्मा (10वीं) का सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसी प्रकार युवा एवं इको क्लब में प्रधानमंत्री कु. प्रियंका यादव (10वीं), खेल मंत्री युवराज ध्रुव (9वीं), वित्त मंत्री दिनेश कुमार यादव (10वीं), शिक्षा मंत्री कु. तान्या कश्यप (9वीं), स्वास्थ्य मंत्री कु. हिमाजली सिन्हा (10वीं), कानून एवं रक्षा मंत्री कु. नव्या जगत (9वीं) तथा कृषि एवं उद्योग मंत्री कु. प्रेमिका पटेल (8वीं) को दायित्व सौंपा गया। कक्षावार नेतृत्व के अंतर्गत कक्षा 10वीं की नायक कु. सविता यादव एवं उपकक्षा नायक सचिन कश्यप, कक्षा 9वीं की नायक कु. कमलेश्वरी ध्रुव एवं उपकक्षा नायक मुकेश सिन्हा, कक्षा 8वीं की नायक कु. निर्मला ध्रुव एवं उपकक्षा नायक विकास सोनवानी, कक्षा 7वीं के नायक हमराज दुर्गा एवं उपकक्षा नायक कु. भूमिका, तथा कक्षा 6वीं के नायक तपेश कुमार नागेश एवं उपकक्षा नायक कु. पूर्णिमा सोरी का भी चयन किया गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएँ
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
• मूत्र रोग एवं सर्जरी
• किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
• प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
• यौन संबंधी समस्याएं
• महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### प्रधानपाठक यशवंत साहू के सेवानिवृत्त होने पर सम्मान



**राजिम।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला में कार्यरत प्रधानपाठक यशवंत साहू को सेवानिवृत्त होने पर शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में बीईओ हेमंत साहू, विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा, संकुल प्राचार्य बीएल ध्रुव, संस्था प्रमुख सुनीता यादव ,रेखा शुक्ला, भारती नामदेव, नरेंद्र देवांगन, पुरण सोनकर, श्यामा अग्रवाल, रेवती देशमुख, देवेंद्र नागेश, ताम्रध्वज कंवर, सफाई कर्मचारी, रसोइया एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बिजली दरों में बढ़ोतरी के खिलाफ लामबंद हुआ निषाद केवट समाज

छुईहा-बेलर। छत्तीसगढ़ निषाद केवट समाज ने प्रदेश में बढ़ी हुई बिजली दरों का विरोध करते हुए इसे जनहित में तत्काल वापस लेने की मांग की है। जिला निषाद समाज अध्यक्ष मोती राम निषाद ग्राम बिजली निवासी ने कहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर सिंह निषाद के आह्वान पर 29 जुलाई 2026 को प्रदेश के सभी जिलों में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।



जिला अध्यक्ष मोती राम निषाद ने कहा कि निषाद केवट समाज आर्थिक रूप से पिछड़ा एवं मेहनतकश समाज है। ऐसे में 1 अगस्त 2025 से लागू नई बिजली दरों का सीधा असर गरीब एवं मध्यमवर्गीय परिवारों पर पड़ा है। बढ़े हुए बिजली बिलों से आम लोगों की घरेलू अर्थव्यवस्था प्रभावित हो रही है, इसलिए सरकार को जनहित में बिजली दर वृद्धि का निर्णय वापस लेना चाहिए। उन्होंने बताया कि बिजली दर वृद्धि वापस लेने की मांग समाज के घोषणा-पत्र में भी शामिल है। इस मुद्दे को लेकर पूरे प्रदेश में संगठन एकजुट होकर लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करेगा तथा सरकार का ध्यान आम जनता की समस्याओं की ओर आकर्षित करेगा।

### कराते चैंपियनशिप में तुषार ने जीता स्वर्ण पदक

**महासमुंद।** भारत के प्रतिभाशाली कराते खिलाड़ी गुड शेफर्ड स्कूल के छात्र तुषार डड़सेना ने भूटान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय कराते चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर देश, राज्य एवं अपने विद्यालय परिवार का नाम गौरवान्वित किया।

### शहर में आज निकलेगी बाहुड़ा यात्रा

**महासमुंद।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा का बाहुड़ा यात्रा 25 जुलाई शनिवार को छग करण महांती समाज द्वारा निकाली जाएगी। बाहुड़ा यात्रा शाम 5 बजे जगन्नाथ भवन (सुभाष नगर) से निकलकर मेघ बसंत कॉलोनी से स्टेशन रोड से पुराना गंज पारा मेन रोड से नेहरू चौक व गांधी चौक होते हुए श्रीराम जानकी मंदिर में से समाप्त होगी। उपरोक्त जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष संजय महांती ने भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

### मां शीतला मंदिर में माता पहुंचनी 27 को

**महासमुंद।** नगर के श्रद्धा और आस्था के केंद्र मां शीतला मंदिर में इस वर्ष माता पहुंचनी का आयोजन सोमवार 27 जुलाई को किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए मां महामाया मंदिर समिति के सदस्य पार्षद भाऊराम साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी माता पहुंचनी पूरे विधि-विधान और धार्मिक उत्साह के साथ होगी। इस मौके पर नगर के श्रद्धालु बड़ी संख्या में एकत्रित होकर मां शीतला की पूजा-अर्चना करेंगे और क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति तथा आरोग्य की कामना करेंगे।

---

**किसानी : गांवों में सुबह से शाम तक चहल-पहल, खेतों में बढ़ी रौनक**

# झमाझम बारिश से फसलों को मिला नया जीवन खेतों में छाई हरियाली से खिले किसानों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुरसाबांधा

पिछले दिनों हुई अच्छी बारिश ने क्षेत्र के किसानों के लिए नई उम्मीदों के द्वार खोल दिए हैं। समय पर हुई वर्षा से खेतों में नमी भर गई है और खेती-किसानी के कार्यों ने रफ्तार पकड़ ली है। जिन किसानों ने शुरूआती दौर में धान की बुवाई कर दी थी, उनके खेत अब हरी चादर ओढ़े नजर आने लगे हैं। धान के नन्हे-नन्हे अंकुर मिट्टी से बाहर निकल आए हैं और दूर-दूर तक फैली हरियाली ग्रामीण अंचल की सुंदरता में चार चांद लगा रही है। क्षेत्र के लोहरसी, मुड़तराई, पंडरीतराई,रवेली, भेण्डरी,देवरी, कोपरा, तर्रा, कुरूसकेरा, सुरसाबांधा, श्यामनगर, परतेवा, धूमा, जेंजरा,सहसपुर,तरीघाट जैसे दर्जनो गांवों में इन दिनों सुबह से लेकर देर शाम तक खेतों में किसानों की चहल-पहल बनी हुई है। कोई खेत की मेड़ों को दुरुस्त कर रहा है तो कोई पानी की निकासी और सिंचाई व्यवस्था में जुटा हुआ है। वहीं अनेक स्थानों पर मजदूरों के साथ किसान धान की रोपाई की तैयारी में लगे हैं। खेतों में ट्रैक्टरों की आवाज, बैलों की हलचल और किसानों की मेहनत यह बता रही है कि खेती का मौसम अब पूरी तरह परवान पर है। पिछले कुछ समय से बारिश का इंतजार कर रहे किसानों के लिए यह वर्षा किसी वरदान से कम नहीं रही।



**अंकुरण बेहतर, फिलहाल खेतों में पर्याप्त नमी**

पर्याप्त नमी मिलने से धान के पौधों का अंकुरण बेहतर हुआ है और फसल की शुरूआती बढ़वार भी अच्छी दिखाई दे रही है। खेतों में फैली ताजी हरियाली किसानों की उम्मीदों को नई ऊर्जा दे रही है। किसानों का कहना है कि फिलहाल खेतों में पर्याप्त नमी है, इसलिए यदि कुछ दिनों तक बारिश नहीं भी होती है तो खेती पर कोई विशेष असर नहीं पड़ेगा। हालांकि अच्छी उपज के लिए आने वाले दिनों में समय-समय पर वर्षा होना आवश्यक रहेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में खेती-किसानी का माहौल पूरी तरह जीवंत हो चुका है। महिलाएं और पुरुष मजदूर भी खेतों में किसानों का हाथ बंटा रहे हैं। कहीं नर्सरी तैयार की जा रही है तो कहीं रोपाई के लिए खेतों की अंतिम तैयारी चल रही है। गांवों में सुबह से शाम तक कृषि कार्यों की रौनक देखने को मिल रही है। कृषि विशेषज्ञों का भी मानना है कि शुरूआती बारिश ने खरीफ फसलों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है। यदि आगामी दिनों में भी मौसम इसी तरह साथ देता रहा तो इस वर्ष धान की अच्छी पैदावार की उम्मीद की जा सकती है। बारिश के बाद खेतों में लहलहाती हरियाली केवल किसानों की मेहनत का परिणाम नहीं, बल्कि उनके उज्ज्वल भविष्य की उम्मीद भी है। प्रकृति की इस मेहरबानी ने किसानों के चेहरों पर फिर से मुस्कान लौटा दी है और अब उनकी निगाहें आने वाली बारिश पर टिकी हैं, ताकि मेहनत का भरपूर फल उन्हें अच्छी फसल के रूप में मिल सके।

## केंद्र सरकार के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल के मार्गदर्शन में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री एवं शिक्षा मंत्री का पुतला दहन किया गया। कांग्रेस ने भाजपा सरकार और दिल्ली पुलिस की उन बर्बर, अलोकतांत्रिक और दमनकारी कार्रवाइयों की कड़ी निंदा की गई। विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी तथा कांग्रेस सांसदों, वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और छात्रों के खिलाफ की गईं कार्रवाई के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया तथा महामहिम राष्ट्रपति के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग किया गया है केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का तत्काल इस्तीफा, परीक्षा में हुई अनियमितताओं और उन व्यवस्थागत विफलताओं पर संसद में तत्काल चर्चा, जिन्होंने लाखों छात्रों के भविष्य को खतरे में डाल दिया है। नई दिल्ली में संबंधित विरोध प्रदर्शनों के दौरान छात्रों और शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को वापस लेने, किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाने व बिजली कटौती एवं बिजली बिल वृद्धि में अंकुश लगाई जाए। धरना प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष पवन सोनकर, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रशासनिक महामंत्री विकास तिवारी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुनील तिवारी, डीके ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रूपेश साहू, रामकुमार गोस्वामी, गिरीश रजानी, तेजेश यदु, योगेश साहू, प्रहलाद गंधर्व, जिला सोशल मीडिया सह प्रभारी टिकेश साहू, डोंगर मरकाम, मनोज सोनवानी, कमलेश यादव, सुरेश साहू, चंद्रिका प्रसाद, कुलेश्वर साहू, विश्वजीत ठाकुर, खेमू साहू, राजन टुडे, देवेंद्र साहू, चेतन सिंह, दुर्गाप्रसाद, डॉ. राजेंद्र गुप्ता, कमल भारती, राजेंद्र सिंह, अनिल साहू, रोहित साहू, भुनेश्वरी बंजारे, योगेश्वरी साहू, रामेश्वरी साहू, अशोक यादव, राजीव जैन, लाल यादव, उमा देवी साहू, मोतीलाल साहू, कृष्णा साहू मौजूद थे।

## पोते के जन्मदिन पर योगेश सिन्हा ने कराया न्योता भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम छुईहा के स्थानीय कपड़ा व्यवसायी योगेश सिन्हा ने अपने पोते के जन्मदिन के अवसर पर सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए आंगनबाड़ी एवं विद्यालय के बच्चों के लिए शासन के निहित न्योता स्नेहभोज का आयोजन किया। इस अवसर पर बच्चों को गरमा-गरम खीर, पूड़ी सहित स्वादिष्ट व्यंजन परिवार द्वारा परोसे गए, जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। न्योता भोज में आंगनवाड़ी केंद्र क्रमांक 1 एवं 2 तथा आदिवासी कमारपारा स्कूल छुईहा के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। स्वादिष्ट भोजन पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। स्नेह और अपनत्व से परोसे गए भोजन ने जन्मदिन के आयोजन को यादगार बना दिया। इस अवसर पर पोते के माता-पिता अन्नु सिन्हा एवं सुनील सिन्हा सहित प्रधान पाठक हीरासिंह यादव, शिक्षक एनसिंग साहू, शिक्षिका लता वर्मा तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रामोतीन ध्रुव उपस्थित रहे। सभी ने योगेश सिन्हा यशवंन्तिन के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक आयोजन समाज में सेवा, सहयोग और सद्भाव की भावना को मजबूत करते हैं।



## मां शीतला मंदिर में शीतल जुड़वास पर उमड़े भक्त





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नगर के प्राचीन मां शीतला मंदिर में धार्मिक आस्था और श्रद्धा के साथ महिलाओं, पुरुषों, युवाओं और बच्चे उपस्थित होकर मां शीतला के दर्शन किए तथा नगर की सुख-समृद्धि, खुशहाली और सभी के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना से हुई। पुजारियों ने मां शीतला का विशेष श्रृंगार कर महाआरती की। इस दौरान घंटियों की गूंज, शंखध्वनि और जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। श्रद्धालुओं ने माता को चुनरी, नारियल, पुष्प और प्रसाद अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात समिति के सदस्य बैलगाड़ी में सवार होकर नगर भ्रमण किए। बड़ी संख्या में श्रद्धालु हाथों में ध्वज लिए जय माता दी और मां शीतला की जय के जयघोष लगाते हुए चल रहे थे। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन की मधुर धुनों पर श्रद्धालु भक्ति में सराबोर होकर आगे बढ़ते रहे। नगर के प्रमुख मार्गों में जगह-जगह श्रद्धालुओं और सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। पूरे आयोजन के दौरान धार्मिक उल्लास, अनुशासन और सामाजिक समरसता का अदभुत दृश्य देखने को मिला। आयोजन समिति के सदस्य रूपेंद्र चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ में शीतला देवी को ग्राम देवी का दर्जा प्राप्त है।

**रोग निवारण और ग्राम देवी हैं मां शीतला**

*इन्हें रोग निवारण की देवी भी माना जाता रहा है। ऐसा माना जाता है कि देवी शीतला हाथों में झाड़ एवं नीम के पत्ते धारण करती हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए माँ शीतला से नगर एवं प्रदेश में सुख, शांति, समृद्धि और निरोगी जीवन की कामना की। पूरे कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और देर तक मंदिर परिसर में भक्ति का माहौल बना रहा। मालूम हो कि यह कार्यक्रम बाबा हरदेव लाल माँ शीतला सेवा समिति के तत्वावधान में सुबह 9 बजे से शीतल जुड़वास पूरे विधि-विधान एवं धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत माँ शीतला की विशेष पूजा-अर्चना व दीप प्रज्वलन से हुई। भव्य महाआरती का आयोजन किया गया, जिसमें पूरा परिसर माँ के जयकारों से गूंज उठा। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से समिति के अध्यक्ष पूरन साहू,नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, उपाध्यक्ष बल्लु सोनी, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा,नवल साहू ,नम्मू ध्रुव, एल्डरमैन अन्नपूर्णा देवांगन, पार्षद पूजा कंसारी ,परदेसी राम साहू, बिसाहू साहू, महेश निषाद, ईश्वर साहू, शिवदयाल साहू ,पंडा पंचूराम निषाद, देवेंद्र साहू, कमल कंसारी, रूपेंद्र चंद्राकर, गोवर्धन कंसारी, पुनारद साहू, देवेंद्र सेन, गणेश साहू, भागवत साहू, नंद सोनकर, नरोत्तम निषाद, शंभू निषाद, सुदामा भाई ,मनोज विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।*

## छुरा में विकासखंड स्तरीय वॉलीबॉल स्पर्धा जिला स्तर के लिए खिलाड़ियों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों की खेल प्रतिभाओं को निखारने एवं खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष खेल कैलेंडर के अनुसार विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है।इसी क्रम में आज स्कूल गेम अंतर्गत विकासखंड स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन मिनी स्टेडियम,छुरा में किया गया।यह प्रतियोगिता विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएल मतावले के मार्गदर्शन में संपन्न हुई, जिसमें विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों के अंडर-17 एवं अंडर-19 बालक वर्ग के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रतियोगिता के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का चयन जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए किया गया,जहां वे विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे प्रतियोगिता के सफल आयोजन में विकासखंड खेल नोडल डोमश्वर ध्रुव, व्यायाम शिक्षक वसीम कुरैशी, राजू साहू, पंकज साहू, पूरन लाल साहू, संजीत कुमार निषाद, बलिराम टंडन, ईश्वर सेन, कुणाल नेताम, समाजसेवी शीतल ध्रुव एवं छुरा नगर के खेल प्रेमी नागरिकों की विशेष उपस्थिति रही।प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में खेल भावना, अनुशासन एवं उत्साह देखने को मिला। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित कर उन्हें उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करना है।

## नीट पेपर लीक विवाद, छात्रों ने रैली निकाल कर फूंका बिगुल, शिक्षा मंत्री धर्मेंन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

देशभर में कथित नीट पेपर लीक मामले को लेकर चल रहे विरोध प्रदर्शन की गूंज अब गरियाबंद में भी सुनाई देने लगी है। शुक्रवार को बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं और युवाओं ने वीर सुरेंद्र साय महाविद्यालय से रैली निकालकर परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। हाथों में तिरंगा और विरोध संबंधी तख्तियां लिए छात्र शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए तिरंगा चौक पहुंचे। यहां उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए अपनी मांगें रखीं। इसके बाद तहसीलदार अवंतिका गुप्ता को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपकर परीक्षा व्यवस्था को सुरक्षित एवं निष्पक्ष बनाने की मांग की। प्रदर्शन में शामिल छात्रों का कहना था कि प्रतियोगी परीक्षाओं में कथित पेपर लीक की



लगातार सामने आ रही घटनाओं से लाखों अभ्यर्थियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। इससे परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। छात्रों ने मांग की कि पूरे परीक्षा तंत्र को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाया जाए तथा मामले में जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। छात्र नेता अमन तिवारी ने कहा, नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षा में कथित धांधली और पेपर लीक की घटनाओं ने लाखों छात्रों का भरोसा तोड़ा है। हम जंतर-मंतर पर आंदोलन कर रहे युवाओं के समर्थन में खड़े हैं। हमारी मांग है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई हो और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा दें। वहीं गुरुनूर कुकरेजा ने कहा, मेहनत करने वाले छात्रों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। हम निष्पक्ष और पारदर्शी परीक्षा व्यवस्था चाहते हैं। जब तक छात्रों को न्याय नहीं मिलता और जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई नहीं होती, युवाओं की आवाज़ बुलंद होती रहेगी। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि परीक्षा में कथित गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई नहीं की गई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं।

**परिषद की इस नई टीम के साथ विकास कार्यों में तेजी आएगी**

## गरियाबंद नपा को मिले 5 नए एल्डरमैन, शपथ ग्रहण के साथ संभाली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





नगर पालिका परिषद गरियाबंद को शुक्रवार को पांच नए एल्डरमैन मिल गए। नगर पालिका परिसर में आयोजित गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह में नव-मनोनीत एल्डरमैन रितेश यादव, गुलेश्वरी ठाकुर, सेवक निषाद, सरल उईके और योगेंद्र सिन्हा ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर परिषद की जिम्मेदारी संभाली। शपथ पीठासीन अधिकारी द्वारा दिलाई गई। समारोह में राजिम विधायक संतोष उपाध्याय, नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव, उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, सभापति, पार्षदगण तथा गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण के बाद सभी नव-नियुक्त एल्डरमैन का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया और नगर के विकास एवं जनसेवा के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प दोहराया गया। गौरतलब है कि राज्य शासन ने 25 जून 2026 को नगर पालिका परिषद गरियाबंद के लिए पांच एल्डरमैन मनोनीत किए थे। शुक्रवार को शपथ ग्रहण के साथ सभी ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। अब वे परिषद की बैठकों में भाग लेते हुए विकास कार्यों, जनहित से जुड़े प्रस्तावों और विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में अपनी भूमिका निभाएंगे।

**विकास कार्यों को मिलेगी नई ऊर्जा और गतिः संतोष उपाध्याय-** इस अवसर पर राजिम विधायक संतोष उपाध्याय ने कहा कि नए एल्डरमैन के जुड़ने से नगर विकास कार्यों को नई गति और ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से समन्वय के साथ कार्य करते हुए शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और गरियाबंद को विकास के नए आयाम देने की अपील की। नगर पालिका अध्यक्ष रिखी राम यादव ने कहा कि परिषद की नई टीम के साथ विकास कार्यों में और तेजी आएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी एल्डरमैन अपने अनुभव, सुझाव और सक्रिय सहभागिता से परिषद को मजबूत करेंगे तथा स्वच्छ, सुंदर और विकसित गरियाबंद के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

शपथ ग्रहण समारोह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में सभी जनप्रतिनिधियों ने नगर हित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों में मिलकर काम करने का संकल्प व्यक्त किया।

